संख्या-25/2017-26(1)/नौ-5-17-16रिट/2016

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
विशेष कार्याधिकारी
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मथुरा ।

नगर विकास अनुभाग- 5

लखनऊ दिनांक 12 जनवरी, 2017

विषयः इजराय वाद संख्या-26/2009 होती लाल बनाम अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग व अन्य में पारित आदेश दिनांक 05.04.2016 का अनुपालन कराये जाने हेतु आर्टीकल संख्या-277 के अन्तर्गत मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-9826/2016 होती लाल बनाम जिला जज मथुरा व अन्य में पारित आदेश दिनांक 22.12.2016 के अनुपालन में रू0 79,90,130/- की धनराशि स्वीकृति किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मण्डलायुक्त, आगरा के पत्र सं0 177/तेईस-45(2015-16)/स्था.निका.सहा. दिनांक 26.10.2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इजराय वाद संख्या-26/2009 होती लाल बनाम अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग व अन्य में पारित आदेश दिनांक 05.04.2016 का अनुपालन कराये जाने हेतु आर्टीकल संख्या-277 के अन्तर्गत मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-9826/2016 होती लाल बनाम जिला जज मथुरा व अन्य में पारित आदेश दिनांक 22.12.2016 के अनुपालन में रू0 79,90,130/- (रू0 उन्यासी लाख नब्बे हजार एक सौ तीस मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने पर राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) उक्त धनराशि जिलाधिकारी, मथुरा द्वारा प्रतिहस्ताक्षरयुक्त बिल प्रस्तुत करके कोषागार/भारतीय स्टेट बैंक से आहरित कर व्यय की जायेगी।

(2) उक्त धनराशि की गणना सिंचाई विभाग द्वारा की गयी है। अतः उक्त धनराशि की गणना के लिये सिंचाई विभाग के सम्बन्धित अभियंता उत्तरदायी होंगे।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि का कोई भी अंश किसी बैंक/पोस्ट आफिस/पी0एल0ए0 खाते में नहीं रखा जायेगा।

(4) इजराय वाद संख्या-26/2009 होती लाल बनाम अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग व अन्य में पारित आदेश दिनांक 05.04.2016 के अनुपालन कराये जाने हेतु आर्टीकल संख्या-277 के अन्तर्गत मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-9826/2016 होती लाल बनाम जिला जज मथुरा व अन्य में पारित आदेश दिनांक 22.12.2016 के अनुपालन में उक्त धनराशि अवमुक्त की जा रही है। अतः उक्त धनराशि का व्यय न्यायालय के आदेशानुसार किया जाए।

(5) प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त धनराशि का आहरण कोषागार से सुसंगत नियमों/प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा।

(6) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्त पुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों/समय-समय पर निर्गत शासनादेशो के अनुरूप किया जायेगा।

(7) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जाय।

2- वित्त विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन विभागों/उपक्रमों में तैनात वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो का किसी प्रकार का विचलन हो तो संबंधित वित्त नियंत्रण इत्यादि का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित नगर विकास विभाग तथा वित्त विभाग को दे दी जाय।

Go Glance mangal font

3- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-2017 के आय- व्ययक के अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत आयोजनागत पूंजी लेखा लेखाशीर्षक "4215- जल पूर्ति तथा सफाई पर पूंजीगत परिव्यय 01-जलपूर्ति-800-अन्य व्यय-03-गोकुल बैराज डूब क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के प्रतिकर का भुगतान-24-वृहत निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22.03.2016 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रदत्त अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(उमा शंकर सिंह)
विशेष कार्याधिकारी।

संख्या-25/2017-26(1)/नौ-5-17-16रिट/2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- महालेखाकार, (वर्क्स लेखा अनुभाग), उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- मण्डलायुक्त, आगरा।
4- जिलाधिकारी, मथुरा।
5- कोषाधिकारी, मथुरा।
6- भूमि अध्याप्ति अधिकारी, मथुरा।
7- निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
8- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उ0प्र0 इलाहाबाद।
9- प्रबन्ध निदेशक , उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
10- अधीक्षण अभियंता (तृतीय मण्डल), सिंचाई कार्य, आगरा।
11- अधिशासी अभियंता, सिंचाई निर्माण खण्ड, मथुर।
12- अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मथुरा।
13- वित्त (ई-8) अनुभाग/ नियोजन अनुभाग- 3/4
14- सुपर यूजर, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
15- गार्ड फाइल/ कम्प्यूटर सेल।

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
विशेष कार्याधिकारी।

Print Report

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2016-2017

प्रेषण संख्या:- 25

आवंटन दिनांक-12/01/2017

आवंटन आदेश संख्या:- 001-25-2017-26-9-5-17-16W-2016

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2016-2017 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 4215 - जलपूर्ति तथा सफाई पर पूंजीगत परिव्यय(आयोजनागत-मतदेय)

01 - जलपूर्ति

800 - अन्य व्यय

03 - गोकुल बैराज डूब क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के प्रतिकर का

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		24-वृहत् निर्माण कार्य	योग
1	मथुरा-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान	7990130	7990130
		प्रगामी	2964337353	2964337353
	योग	वर्तमान	7990130	7990130
		प्रगामी	2964337353	2964337353

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया उन्नासी लाख नब्बे हजार एक सौ तीस

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया दो अरब छियानवे करोड़ तियालीस लाख सैंतीस हजार तीन सौ तिरेपन

(उमा शंकर सिंह)

विशेष कार्याधिकारी